दिन– रविवार दिनांक– 01 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – देश के सतत विकास का मंत्र– रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म है।

02. भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अमृत लाल मीणा बने राज्य के मुख्य सचिव। मगध, सारण और तिरहुत प्रमंडल में नये आयुक्तों की नियुक्ति।

03. प्रदेश में डेंगू के नये मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर से तिरेपन नये मामले आये सामने।

04. और, समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी का भारतीय अन्डर नाईनटीन क्रिकेट टीम में चयन। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में दिखायेंगे दमखम।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत आज सफलता की एक नई कहानी लिख रहा है। नई दिल्ली में इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम में श्री मोदी ने यह बात कही।

———बाईट———

पिछले दस सालों में ग्लोबल इकोनॉमी थर्टी परसेंट बढी है, लेकिन इन्हीं दस सालों में हमारी इकोनॉकी करीब नाइन्टी परसेंट बढी है। ये वो सस्टेंड ग्रोथ है, जो हमने हासिल की है, ये वो सस्टेंड ग्रोथ है, जिसका हम वायदा करते हैं और ये वो सस्टेंड ग्रोथ है, जो आगे भी जारी रहेगा।

श्री मोदी ने देश के सतत विकास के मंत्र– रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि लोगों को सुशासन प्रदान करना सरकार की प्रतिबद्धता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में लोगों ने निरंतरता और स्थिरता के लिए मतदान किया है।

———बाईट———

इस साल दुनिया के कई बडे देशों में इलेक्शन हुए हैं। ज्यादातर जगहों पर लोगों ने चेंज के लिए वोट किये हैं। लेकिन भारत के नागरिकों ने इस ट्रेंड को एकदम उल्टा जनादेश दिया है। भारत के वोटर्स ने 60 साल बाद किसी सरकार की हैट्रिक लगवाई है।

———————————————————

प्रधानमंत्री ने कहा है कि महिलाओं पर अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज के लिए गंभीर चिंता के विषय हैं। श्री मोदी ने नई दिल्ली में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से

संबंधित मामलों में जितना जल्दी निर्णय लिया जाएगा उतनी ही जल्दी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

———बाईट———

देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कठोर कानून बने हैं। 2019 में सरकार ने फास्ट्रेक स्पेशल कोर्ट की स्थापना की योजना बनाई। इसके तहत अहम गवाहों के लिए डिपोजिशन सेंटेंर्स का प्रावधान है। इसमें भी डिस्ट्रिक मॉनिटरिंग कमेटी की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। हमें इन कमेटियों को और अधिक सक्रिय करने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के पचहत्तर वर्ष पूरे होने से लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के पचहत्तर वर्ष, भारतीय संविधान और इसके संवैधानिक मूल्यों की यात्रा है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में न्याय मिलने में देरी को दूर करने के लिए कई स्तरों पर काम किए गए हैं।

———बाईट———

भारतीय न्याय संहिता के रूप में हमें नया भारतीय न्याय विधान मिला है। इन कानूनों की भावना है— सिटिजन फर्स्ट, द ईज फर्स्ट एंड जस्टिस फर्स्ट। हमारी क्रिमिनल लॉ शासक और गुलाम वाली कालोनियल सोच से आजाद हुए हैं। सेडिशन जैसे अंग्रजी कानूनों को खत्म किया गया। न्याय संहिता की सोच नागरिकों को सजा देगा, यहीं इसकी मात्र नहीं है लेकिन नागरिकों को सुरक्षा देना भी है।

———————————————————————————

केंद्र ने दूरसंचार अधिनियम—दो हजार तेईस के शुरुआती नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इन्हें डिजिटल भारत निधि का नाम दिया गया है। यह अधिनियम पूर्ववर्ती यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड का स्थान लेगा। अधिसूचना के अनुसार, योजनाओं और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करने वालों को डिजिटल भारत निधि से राशि दी जाएगी। इस निधि से दूरसंचार सेवाएं ग्रामीण क्षेत्रों में और वंचित वर्गों तक पहुंचाई जाएंगी।

———————————————————————————

प्रदेश में बड़े पैमाने पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का तबादला किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमृत लाल मीणा को बिहार का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया। उन्नीस सौ नवासी बैच के बिहार कैडर के आईएएस अधिकारी श्री मीणा को हाल ही में उनके मूल कैडर में वापस भेज दिया गया था। इससे पहले श्री मीणा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान कोयला मंत्रालय में सचिव थे। उन्होंने निवर्तमान मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा का स्थान लिया है, जो शनिवार को सेवानिवृत्त हो गये। इधर, कला, संस्कृति और युवा विभाग के अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हारा को समाज कल्याण विभाग का प्रभार दिया गया है। साथ ही बिहार राज्य

महिला तथा बाल विकास निगम का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, सहकारिता विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल को जल संसाधन विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। इसके अलावा मगध, सारण और तिरहुत प्रमंडल में नये आयुक्त की नियुक्ति हुई है। साथ ही कई सचिवों के भी विभाग बदले गये हैं।

———————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल आरक्षण और जातीय जनगणना की मांग को लेकर पूरे प्रदेश में धरना–प्रदर्शन करेगी। पटना में पार्टी कार्यालय में आयोजित धरना कार्यक्रम में आज नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी शामिल होंगे। पार्टी के अन्य नेता अपने–अपने जिला मुख्यालयों में धरना–प्रदर्शन करेंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि धरना के दौरान सभी जिलों के जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया जायेगा।

———————————————————————

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एन आई ए ने प्रतिबंधित गुट सीपीआई –माओवादी संगठन के बिहार में सात स्थानों पर छापेमारी कर आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और गोलाबारूद बरामद किये हैं। एनआईए ने बताया कि सी पी आई माओवादी के दो मुख्य नेता विजय कुमार आर्य और उमेश चौधरी की गिरफ्तारी के मामले में यह तलाशी अभियान चलाया गया। इन दोनों के अलावा तीन अन्य आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। एजेन्सी ने इनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर दिये हैं।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, वैशाली, सारण, औरंगाबाद, अरवल और भोजपुर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश की सम्भावना जतायी है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवाती परिसंचरण की स्थिति बनी हुई है, जिसके प्रभाव से प्रदेश के दक्षिण–पूर्वी भागों में बारिश की परिस्थितियां बन रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि इस दौरान राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ स्थान पर मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका के मद्देनजर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईट———

इधर, पटना में मौसम शुष्क बना हुआ है। लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

———————————————————————

गंगा, सोन, पुनपुन, बूढ़ी गंडक और घाघरा समेत राज्य से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल

आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी पटना के गांधी घाट में खतरे के निशान से इक्यावन सेंटीमीटर और हाथीदह में अड़तालीस सेंटीमीटर ऊपर बहर रही है। नदी का जलस्तर भागलपुर के कहलगांव में लाल निशान से पैंसठ सेंटमीटर ऊपर दर्ज किया गया। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली में लाल निशान से नौ सेंटीमीटर ऊपर है। इधर, बूढी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से तिरानवे सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से उन्नीस सेंटीमीटर और कटिहार के कुर्सेला में बहत्तर सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया।

————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर से तिरेपन नये मामले सामने आये हैं। इसमें सबसे ज्यादा तैंतीस नये मामले पटना से हैं। दरभंगा और बेगूसराय से तीन–तीन मरीजों की पुष्टि हुई है। इधर, पटना के पीएमसीएच में जहानाबाद के डेंगू पीड़ित मरीज की मौत हो गयी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के सात सौ आठ मामले सामने आ चुके हैं।

————————————————————

प्रदेश के स्कूलों में आज से तीस सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत विद्यालयों में प्रत्येक दिन अलग–अलग गतिविधियों का आयोजन होगा। मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक मिथिलेश मिश्र ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी किया है।

————————————————————

समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी को भारतीय अन्डर नाईनटीन क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। वैभव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी चार दिवसीय टेस्ट सीरीज में अपना दमखम दिखायेंगे। वैभव तेरह वर्ष से भी कम उम्र में बिहार रणजी ट्राफी टीम के लिए खेलने वाले देश के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी है। भारत और आस्ट्रेलिया की अंडर नाईनटीन टीम के बीच श्रृंखला का पहला टेस्ट मैच तीस सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा।

————————————————————

पेरिस पैरालम्पिक के चौथे दिन आज भारत को कुछ और पदक मिलने की उम्मीद है। पुरुष शॉटपुट एफ–40 फाइनल में रवि रंगोली चुनौती पेश करेंगे। पुरुष ऊंची कूद टी–47 स्पर्धा के ख़िताबी मुक़ाबले में निशाद पदक की दौड़ में होंगे।

———बाईट———

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– महिलाओं को तुरंत न्याय मिले, आधी आबादी को सुरक्षा का भरोसा देना जरूरी।

दैनिक भास्कर ने जमीन सर्वे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है – जमीन सर्वे–आप खुद से बनाये वंशावली, दस्तावेज के साथ जमीन की घोषणा करें। अखबार लिखता है–मौखिक बंटवारा भी मान्य।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– बिना बीमा वाली गाड़ी से हुई दुर्घटना तो पांच लाख रूपये का जुर्माना।

प्रभात खबर लिखता है– अब स्कूल के बच्चों के रिजल्ट पर होगा, शिक्षकों का मूल्यांकन।

आज अखबार की सुर्खी है– आज से बदल जायेंगे सात बड़े नियम। केन्द्रीय कर्मियों को महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का भी मिल सकता है तोहफा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – देश के सतत विकास का मंत्र– रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म है।

02. भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अमृत लाल मीणा बने राज्य के मुख्य सचिव। मगध, सारण और तिरहुत प्रमंडल में नये आयुक्तों की नियुक्ति।

03. प्रदेश में डेंगू के नये मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर से तिरेपन नये मामले आये सामने।

04. और, समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी का भारतीय अन्डर नाईनटीन क्रिकेट टीम में चयन। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में दिखायेंगे दमखम।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।